# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेस विज्ञप्ति                                                                                     दिनांक 15.09.2024

## प्रेस नोट

**थाना बाबरी पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक/आतिशबाजी सामग्री बरामदः-**

आज दिनांक 15.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अवैध रूप से भंडारित आतिशबाजी/बारुद की बरामदगी के लिए चलाए गए अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान ग्राम बुटराडा से 02 अभियुक्तों को भारी मात्रा में बने व अधबने हुए अवैध विस्फोटक/आतिशबाजी सामग्री सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.रिजवान पुत्र महमूद निवासी ग्राम बुटराडा थाना बाबरी जनपद शामली।

2.फरमान पुत्र रिजवान निवासी ग्राम बुटराडा थाना बाबरी जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त रिजवान उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0-116/24 धारा 5/9बी विस्फोटक अधिनियम थाना बाबरी जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0-06/22 धारा 5/9बी वि0अधि0 व 286/304 भादवि0 थाना बाबरी जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0-60/21 धारा 323/504 भादवि0 थाना बाबरी जनपद शामली।

4.मु0अ0सं0-133/18 धारा 9(ख) विस्फोटक अधिनियम थाना बाबरी जनपद शामली।

5.मु0अ0सं0-256/21 धारा 135/138 विस्फोटक अधिनियम थाना बाबरी जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.- 08 कार्टून बने पटाखे –कुल संख्या 4800 पटाखे ।

2.- 07 कट्टे अधबने पटाखे –कुल संख्या 4665 पटाखे।

3.-काला पाऊडर –मात्रा -18.610 किलोग्राम ।

4.-सफेट पाऊडर-मात्रा 26.950 किलोग्राम।

5.-पटाखा बनाने वाले फरमे-19।

6.-लाल रंग की टेप-04।

7.- एक बाल्टी प्लास्टिक व 01 आधा कटा हुए ड्रम ।

8.- लेविल पटाखा -20 बंडल ।

9.- पटाखा बत्ती -1698 ।




**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये हुए गाडी के दो जैक बरामदः-**

ज्ञात हो कि वादी श्री मौ0 नजाकत पुत्र शराफत निवासी ग्राम सोन्टा रसूलपुर थाना थानाभवन जनपद शामली के द्वारा दिनांक 14.09.24 को थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित गाड़ी टायर पंन्चर व रिपेरिंग की दुकान से गाडी के जैक चोरी करने के सम्बनध में थाना थानाभवन पर अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दाखिल की गई थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चोरी के अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 02 चोरो को चोरी किये हुए दो गाडी के दो जैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.अजीत कुमार पुत्र विरेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम हरड फतेहपुर थाना थानाभवन जनपद शामली ।

2.विपिन कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम हरड फतेहपुर थाना थानाभवन जनपद शामली ।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी किये हुए 02 जैक ।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा 02 मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 290 ग्राम चरस बरामदः-**

दिनांक 14.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 02 मादक पदार्थ तस्करों को अवैध 290 ग्राम सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सादा पुत्र जमशेद निवासी ग्राम तितरवाडा थाना कैराना जनपद शामली।

2.मुस्तफा पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम तितरवाडा थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 290 ग्राम चरस ( अभि0 सादा से 150 ग्राम चरस व अभि0 मुस्तफा से 140 ग्राम चरस बरामद )



**<u>थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया हुआ गैस सिलेन्डर व नगदी बरामदः-</u>**

ज्ञात हो कि दिनांक 04.09.2024 को वादी श्रीमति यशस्वी सैनी प्रधानाध्यापक ने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित प्राथमिक विधालय रामपुर नट की रसोई का ताला तोड़कर रसोई से गैस सिलेन्डर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में व दिनांक 09.09.2024 को वादी सुनील कुमार प्रधानाचार्य प्राथमिक विधालय सलेमपुर कांधला के द्वारा विधालय में स्थित कार्यालय व रसोई का ताला तोड़कर गैस सिलेन्डर,चुल्हा,खेल का सामान व स्टेशनरी का सामान चोरी कर लेने के सम्बनध में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दाखिल की गई थीं। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किये गये थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी किये गये गैस सिलेन्डर व 515 रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.शाकिर पुत्र दिलशाद निवासी मौहल्ला आलकला कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.चोरी किया हुआ गैस सिलेन्डर।

2.सामान बेचकर प्राप्त नगदी 515 रूपये।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध कुल 40 लीटर (20-20 ली0) कच्ची शराब बरामदः-**

आज दिनांक 15.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तो को कुल 40 लीटर (20-20 लीटर) अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.आमिर पुत्र इंतजार निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली ।

2.बिलाल पुत्र इस्राईल निवासी ग्राम अब्दाननगर थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध कुल 40 लीटर (अभि0 आमिर से 20 ली0 व अभि0 बिलाल से 20 ली0) कच्ची शराब।





थाना थानाभवन व थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 15.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में सम्बनधित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त:-

1.रवि कुमार पुत्र चमेल सिंह निवासी मौहल्ला रोगनगरान थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.राजेश पुत्र स्व0 शिवचरण निवासी मौहल्ला बडीआल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।





**थाना कांधला पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 15.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा दहेज हत्या में वांछित 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 17.01.2024 को वादी श्री उसमान उर्फ साहब पुत्र नवाब निवासी मौहल्ला पठानकोट कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत ने अपनी पुत्री से दहेज की मांग करना व दहेज न देने पर पुत्री की हत्या करने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर लिखित तहरीर दी गयी थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त व अभियुक्ता-**

1.अकरम पुत्र वकील निवासी मौहल्ला खैल घसौली रोड थाना काँधला जनपद शामली।

2.नूरजहां पत्नी वकील निवासी मौहल्ला खैल घसौली रोड थाना काँधला जनपद शामली।

